हिमाचल अभी अभी

ABHI ABHI

नई सोच नई खोज

साप्ताहिक

/himachal.abhiabhi @himachal_abhi



भारत ये रहस्यमयी मंदिर

-पढ़ें पेज 4

RNI No. HPHIN/2015/68432 वर्ष 11 अंक 43 कांगड़ा। शनिवार, 24 जनवरी -30 जनवरी, 2026 www.himachalabhiabhi.com तदनुसार 11 माघ, विक्रमी संवत् 2082 कुल पृष्ठ 4 मूल्य ₹5 Postal Regn.No. DGPUR/26/24-26

खेल शारीरिक विकास का ही माध्यम नहीं, नेतृत्व क्षमता को भी करता है मजबूत : डॉ. राजेश शर्मा

- बास्केटबॉल की 3×3 दूसरी चैंपियनशिप के समापन पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे थे
- खिलाड़ियों का जोश, खेल भावना और अनुशासन आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत
- निरंतर अभ्यास, सकारात्मक सोच-लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने का दिया संदेश
- डॉ. राजेश शर्मा का आयोजकों ने जोरदार स्वागत किया, मनीष शर्मा भी मौजूद रहे

अमित महाजन/कांगड़ा

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि यह अनुशासन, टीम भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि 3×3 बास्केटबॉल जैसे आधुनिक और तेज खेल युवाओं में प्रतिस्पर्धात्मक सोच के साथ.साथ त्वरित निर्णय लेने की क्षमता विकसित करते हैं। डॉ. राजेश शर्मा नगर परिषद मैदान कांगड़ा में बास्केटबॉल पुरुषों व महिलाओं की 3×3 दूसरी चैंपियनशिप के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे हुए थे।

डॉ. राजेश शर्मा ने पुरुष व महिला दोनों वर्गों के खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ियों का जोश, खेल भावना और अनुशासन आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। डॉ. राजेश शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को निरंतर अभ्यास, सकारात्मक सोच और लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखने का संदेश दिया तथा आश्वस्त किया कि शिक्षा के साथ खेलों को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा बोर्ड और हिमाचल सरकार निरंतर प्रयासरत है। समापन अवसर पर उन्होंने आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इससे पहले नगर परिषद मैदान पहुंचने पर डॉ. राजेश शर्मा का आयोजकों ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मनीष शर्मा भी मौजूद रहे।

YouTube देखें वीडियो